पेपर (कागज) पर NAPLAN परीक्षा – माता-पिता और देखरेखकर्ताओं के लिए जानकारी

Hindi

NAPLAN
NATIONAL ASSESSMENT PROGRAM
Literacy and Numeracy

2019

विद्यार्थी NAPLAN की परीक्षा में भाग क्यों लेते हैं?

राष्ट्रीय आकलन कार्यक्रम – साक्षरता एवं अंकज्ञान (नेशनल एसेसमेंट प्रोग्राम – लिटरेसी एंड न्युमरैसी [NAPLAN]) साक्षरता एवं अंकज्ञान की उन योग्यताओं का आकलन करता है जो प्रत्येक बच्चे के लिए स्कूल और जीवन में आगे बढ़ने के लिए अत्यावश्यक होती हैं।

कक्षा 3, 5, 7 व 9 में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी रीडिंग (पठन), राइटिंग (लेखन), कन्वेन्शन्स ऑफ लेंग्वेज़ (भाषा का चलन) [स्पेलिंग, ग्रामर और पंक्चुएशन] और न्युमरैसी (अंकज्ञान) में NAPLAN की वार्षिक परीक्षाओं में भाग लेते हैं।

आकलन माता-पिता और स्कूलों को यह समझ प्रदान करते हैं कि व्यक्तिगत विद्यार्थी परीक्षाओं के समय किस प्रकार प्रदर्शन कर रहे हैं। NAPLAN स्कूल के आकलन और रिपोर्टिंग प्रक्रिया का केवल एक पहलू है – यह विद्यार्थी के प्रदर्शन के बारे में अध्यापकों द्वारा निरंतर किए जाने वाले आकलनों का स्थान नहीं लेती है।

NAPLAN स्कूलों, शिक्षा प्राधिकरणों और सरकारों को यह जानकारी भी प्रदान करती है कि शिक्षा कार्यक्रम कैसे काम कर रहे हैं और यह कि क्या युवा ऑस्ट्रेलियाई लोग साक्षरता एवं अंकज्ञान में महत्वपूर्ण शैक्षिक परिणामों को पूरा कर रहे हैं या नहीं।

किस चीज़ का आकलन किया जाता है?

NAPLAN नियमित स्कूली पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सीखी जाने वाली साक्षरता एवं अंकज्ञान की योग्यताओं का आकलन करती है। सभी सरकारी और गैर-सरकारी शिक्षा प्राधिकरणों ने NAPLAN से जुड़ी सामग्री तैयार करने में योगदान दिया है। NAPLAN परीक्षाओं के उदाहरण सवाल **nap.edu.au** पर देखें।

मैं तैयारी करने में अपनी संतान की मदद कैसे कर सकता/सकती हूँ?

अपनी संतान को यह आश्वासन दिलाकर कि NAPLAN परीक्षाएँ उनके स्कूली कार्यक्रम का एक भाग हैं और परीक्षा वाले दिन उन्हें अपनी ओर से श्रेष्ठ कोशिश करना याद दिलाकर, NAPLAN की तैयारी करने में उसकी मदद करें। अध्यापक यह सुनिश्चित करेंगे कि विद्यार्थी परीक्षाओं में आने वाले सवालों के प्रकार से परिचित हैं और वे उन्हें उचित समर्थन तथा मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

ACARA यह सुझाव नहीं देती है कि NAPLAN के लिए अत्यधिक तैयारी की जाए या इसके लिए कोचिंग प्रदाताओं का प्रयोग किया जाए।

NAPLAN का उद्देश्य साक्षरता एवं अंकज्ञान में शिक्षण प्रगति का आकलन करना है।

NAPLAN में भाग लेना

कक्षा 3, 5, 7 व 9 के सभी विद्यार्थियों से NAPLAN के वार्षिक आकलन में भाग लेने की उम्मीद की जाती है।

विकलाँगता से ग्रस्त विद्यार्थी ऐसे एडजस्टमेंटों (समायोजनों) के लिए योग्य हो सकते हैं जो आम-तौर पर कक्षा के आकलनों के लिए प्रदान किए जाने वाले समर्थन को दर्शाते हैं। आपको अपनी संतान के लिए किन्हीं विकलाँगता समायोजनों के प्रयोग की चर्चा पहले अपनी संतान के अध्यापक के साथ करनी चाहिए।

विकलाँगता से ग्रस्त किसी ऐसे विद्यार्थी के लिए औपचारिक छूट प्रदान की जा सकती है जिसकी विकलाँगता आकलन में भाग लेने की उसकी क्षमता को गंभीर रूप से सीमित करती हो, या किसी ऐसे विद्यार्थी को भी औपचारिक छूट प्रदान की जा सकती है जो हाल ही में ऑस्ट्रेलिया आया हो और वह गैर-अंग्रेज़ी भाषी पृष्ठभूमि से सम्बन्ध रखता हो।

आपका स्कूल प्रिंसिपल और आपका स्थानीय परीक्षा प्रबंधन प्राधिकरण विशेष प्रावधानों या औपचारिक छूट प्राप्त करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया के बारे में आपको और अधिक जानकारी दे सकते हैं।

क्या मेरी संतान पेपर (कागज) पर या ऑनलाइन तरीके से परीक्षा देगी?

2019 में, आपकी संतान NAPLAN पेपर-आधारित परीक्षाओं में भाग लेगी।

परन्तु, पूरे ऑस्ट्रेलिया में कुछ अन्य स्कूलों में बच्चे इस वर्ष NAPLAN की परीक्षाएँ ऑनलाइन रूप से देंगे। फेडरल, राज्यों और टेरेटरियों के शिक्षा मंत्री इस बात पर सहमत हुए हैं कि सभी स्कूल 2020 तक ऑनलाइन विधि में परिवर्तित हो जाएँगे। राज्य और टेरेटरी के शिक्षा प्राधिकरण यह निर्धारित करेंगे कि उनके स्कूल ऑनलाइन विधि में कब परिवर्तित होंगे।

जैसे-जैसे विद्यार्थियों का आकलन साक्षरता एवं अंकज्ञान पाठ्यक्रम से सम्बन्धित समान विषय-वस्तु पर किया जाता है, चाहे उन्होंने परीक्षा ऑनलाइन रूप से या कागज पर पूरी की हो, दोनों फॉर्मेटों के परिणामों को NAPLAN के समान आकलन मानक पर सूचित किया जा सकता है। NAPLAN ऑनलाइन के बारे में और अधिक पता लगाने के लिए, **nap.edu.au** देखें।

यदि मेरी संतान आकलन किए जाने के दिनों में स्कूल से अनुपस्थित रहती है तो क्या होता है?

जहाँ संभव हो, स्कूल परीक्षा के समय अनुपस्थित रहने वाले व्यक्तिगत विद्यार्थियों के लिए छूटी परीक्षा पूरी करने के लिए स्कूल परीक्षा सप्ताह के दौरान किसी अन्य समय का प्रबंध कर सकते हैं।

व्यक्तिगत विद्यार्थियों को शुक्रवार 17 मई 2019 के बाद परीक्षाओं में बैठने की अनुमति नहीं है।

NAPLAN 2019 की समय-सारणी

	मंगलवार 14 मई	बुधवार 15 मई	गुरूवार 16 मई
कक्षा 3	लेंग्वेज़ कन्वेन्शन (भाषा का चलन) 45 मिनट .... राइटिंग (लेखन) 40 मिनट	रीडिंग (पठन) 45 मिनट	न्युमरैसी (अंक-ज्ञान) 45 मिनट
कक्षा 5	लेंग्वेज़ कन्वेन्शन (भाषा का चलन) 45 मिनट .... राइटिंग (लेखन) 40 मिनट	रीडिंग (पठन) 50 मिनट	न्युमरैसी (अंक-ज्ञान) 50 मिनट
कक्षा 7	लेंग्वेज़ कन्वेन्शन (भाषा का चलन) 45 मिनट .... राइटिंग (लेखन) 40 मिनट	रीडिंग (पठन) 65 मिनट	न्युमरैसी (अंक-ज्ञान) 65 मिनट
कक्षा 9	लेंग्वेज़ कन्वेन्शन (भाषा का चलन) 45 मिनट .... राइटिंग (लेखन) 40 मिनट	रीडिंग (पठन) 65 मिनट	न्युमरैसी (अंक-ज्ञान) 65 मिनट

मेरी संतान के प्रदर्शन को कैसे आंका जाता है?

प्रत्येक आकलन के लिए एक राष्ट्रीय उपलब्धि पैमाने पर अलग-अलग विद्यार्थी के प्रदर्शन को दर्शाया जाता है। राष्ट्रीय न्यूनतम मानक पर परिणाम यह दर्शाता है कि विद्यार्थी ने उस कक्षा स्तर में पूर्ण रूप से भाग लेने के लिए साक्षरता व अंक-ज्ञान की बुनियादी आवश्यक योग्यताओं का प्रदर्शन किया है।

वर्ष में आगे चलकर आपकी संतान के स्कूल द्वारा एक NAPLAN व्यक्तिगत रिपोर्ट जारी की जाएगी। यदि आपको यह रिपोर्ट नहीं मिलती है, तो आपको अपनी संतान के स्कूल से संपर्क करना चाहिए।

NAPLAN परीक्षा के परिणामों का प्रयोग किस प्रकार किया जाता है?

- विद्यार्थी और माता-पिता व्यक्तिगत परिणामों का प्रयोग अध्यापकों के साथ चर्चा करने के लिए कर सकते हैं।
- अध्यापक परिणामों का प्रयोग उन विद्यार्थियों की पहचान बेहतर तरीके से करने के लिए करते हैं जिन्हें अधिक से अधिक चुनौतियों या अतिरिक्त समर्थन से लाभ मिलेगा।
- स्कूल शिक्षा कार्यक्रमों को बेहतर बनाने और साक्षरता व अंक-यान में लक्ष्य निर्धारित करने के लिए परिणामों का प्रयोग करते हैं।
- विद्यालय की प्रणालियां कार्यक्रमों व विद्यालय को दी जाने वाली सहायता की समीक्षा करने के लिए परिणामों का प्रयोग करती हैं।
- समुदाय औसतन स्कूली NAPLAN परिणाम **myschool.edu.au** पर देख सकते हैं

मुझे और अधिक जानकारी कहाँ से मिल सकती है?

NAPLAN के बारे में और अधिक जानकारी के लिए:

- अपनी संतान के स्कूल से संपर्क करें
- अपने स्थानीय परीक्षा प्रबंधन प्राधिकरण से **nap.edu.au/TAA** पर संपर्क करें
- **nap.edu.au** देखें

इस जानकारी के लिए कि NAPLAN से सम्बन्धित व्यक्तिगत जानकारी का प्रबंध ACARA द्वारा कैसे किया जाएगा, **nap.edu.au/naplanprivacy** देखें